NT>

Title: Need to bring out an up-to-date telephone directory of Jamnagar district, Gujarat.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : अध्यक्ष महोदय, गुजरात में जामनगर में जामनगर टेलीफोन डिस्ट्रिक्ट की टेलीफोन डायरैक्टरी बहुत लम्बे समय से प्रकाशित नहीं हुई है। पिछली डायरैक्टरी वर्ष १९९६ में प्रकाशित हुई थी, जिसमें ३०.११.१९९६ तक के अपटुडेट नम्बर हैं, लेकिन उसके बाद नये एक्सचेंज निम्न प्रकार खुले हैं, जिनके नम्बर उसमें नहीं हैं:

१. लेवल ५० न्यू जी.आई.डी.सी. एक्सचेंज ५,००० लाइन का।

२. लेवल ६७ न्यू सिटी एक्सचेंज १०,००० लाइन का।

३. लेवल ५४ एक्सचेंज २,००० लाइन का विस्तारित किया गया है।

४. लेवल ५५ एक्सचेंज ५,००० लाइन का विस्तारित किया गया है।

इस तरह १९९६ के बाद बहुत नये नम्बर हो चुके हैं, लेकिन अपटुडेट डायरेक्टरी न होने से व्यापारी, उद्योगों एवं जनता को बहुत कठिनाई होती है और अब १९९६ की डायरेक्टरी बिल्कुल काम की नहीं रही। ०५.१०.१९९८ को जामनगर (गुजरात) में डिपार्टमेंट में ओपन हाउस आयोजित किया था, उसमें भी जनता ने यह मामला उठाया था, लेकिन अभी तक अपटुडेट नई टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशित नहीं हुई।

अतः नई अपटुडेट टेलीफोन डायरेक्टरी फौरन प्रकाशित की जाये।